प्रादेशिक समाचार
आकाशवाणी जयपुर–अजमेर

दिनांकः 20.11.2024 समय : 01:00 पी.एम.

000000

उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ आज एक दिवसीय दौरे पर झुंझुनूं पहुंचे। वे वहां काजड़ा के जवाहर नवोदय विद्यालय में विद्यार्थियों और शिक्षकों के साथ एक कार्यक्रम के तहत संवाद कर रहे है। विद्यालय पहुंचने पर विद्यार्थियों ने उनका स्वागत किया। श्री धनखड ने विद्यालय परिसर में पौधारोपण कार्यक्रम में भाग लिया। सुबह वायुसेना के विशेष विमान से पिलानी पहुंचने पर जिला कलेक्टर रामवतार मीणा और पुलिस अधीक्षक शरद चौधरी सहित अन्य अधिकारियों ने उनका स्वागत किया।

000000

जयपुर में दिसम्बर में होने वाले राईजिंग राजस्थान ग्लोबल इन्वेस्टमेंन्ट समिट से पहले आज ऊर्जा क्षत्रे की प्रीसमिट का आयोजन किया जा रहा है। इसमें मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा भाग ले रहे है। समिट के दौरान मुख्यमंत्री ने कहा प्रदेश में ऊर्जा क्षेत्र में अपार संभावनाएं है। सौर ऊर्जा के क्षेत्र मे प्रदेश अग्रणी है वहीं पवन ऊर्जा के क्षेत्र में भी प्रदेश में असीम सम्भावनाएं है। समिट के दौरान ऊर्जा क्षेत्र सेजुडे कई एमओयू होंगे।

00000

उच्च न्यायालय ने कोचिंग संस्थानों के विद्यार्थियों के आत्महत्या से जुडे मामलो में टिप्पणी करते हुए कहा है कि बच्चों पर सिस्टम के साथ साथ अभिभावको का भी दबाव है। जस्टिस इन्द्रजीत सिंह और जस्टिस वीके भारवानी की खंडपीठ ने यह टिप्पणी कोटा के कोचिंग सेंटर्स के कई विद्यार्थियों द्वारा आत्महत्या करने के मामले में लिए स्वप्रेरित प्रसंज्ञान पर सुनवाई करते हुए की। अदालत ने मामले की सुनवाई आठ सप्ताह बाद रखते हुए राज्य सरकार से पिछले मई माह में दिये गये निर्देशो की पालना के संबंध में जवाब मांगा है। इसके अलावा अदालत ने राज्य सरकार से प्रदेश में पंजीकृत कोचिंग संस्थानों की सूची भी मांगी है।

000000

दिल्ली एनसीआर में बढ़ते वायु प्रदूषण को देखते हुए खैरथल–तिजारा जिले के सरकारी और निजी स्कूलों में आज से 23 नवंबर तक कक्षा 1 से 5 के विद्यार्थियों की छुट्टी घोषित की गई है। जिला कलेक्टर किशोर कुमार ने इसके आदेश जारी किये। प्रदूषण नियंत्रण को लेकर जिला कलेक्टर ने अधिकारियों को ग्रेप–4 नियमों को सख्ती से लागू करने के निर्देश दिए है। उत्तर भारत में पिछले दिनों हुई बर्फबारी के बाद प्रदेश के कई स्थानों पर रात और दिन के तापमान में गिरावट होने से राज्य में वायु प्रदूषण लगातार बढ रहा है। आज भिवाड़ी का एक्यूआई 326 दर्ज किया गया। करौली और बीकानेर में 300 से ज्यादा एक्यूआई मापा गया है। वहीं राज्य के 26 जिलो मे वायु गुणवत्ता सूचकांक 200 से ज्यादा पहुंच गया।

इस बीच प्रदेश में सर्दी का असर और बढ गया है। ज्यादातर स्थानो ंपर न्यूनतम तापमान 12 डिग्री सेल्सियस से नीचे पहुंच गया है। प्रदेश के एकमात्र पर्वतीय पर्यटन स्थल माउंटआबू में रात का तापमान 6 दशमलव 8 डिग्री सैल्सियस रिकॉर्ड किया गया। सीकर के फतेहपुर में 7 दशमलव 5 डिग्री सैल्सियस न्यूनतम तापमान दर्ज किया गया। राजधानी जयपुर में तापमान 13 दशमलव 6 डिग्री सैल्सियस रहा। मौसम केन्द्र जयपुर ने प्रदेश में अगले चार–पांच दिन मौसम सूखा रहने और तापमान में दो डिग्री सेल्सियस तक की गिरावट की संभावना व्यक्त की है।

0000000

पाली–जोधपुर हाईवे पर गाजनगढ़ टोल नाके के पास कल देर रात एक सड़क हादसे में दो महिलाओं सहित चार लोगों की मृत्यु हो गई। ये हादसा उस समय हुआ जब एक तेज रफ्तार डंपर ने एंबुलेंस को टक्कर मार दी। ये सभी लोग एम्बूलेंस में अपने एक परिजन को गुजरात के निजी अस्पताल से ईलाज के लिये जोधपुर ले जा रहे थे।

00000

रेल यात्रियों की यात्रा सुगम बनाने के लिए इस महीने के अंत तक 370 से अधिक रेलगाड़ियों में लगभग एक हजार नए जनरल कोच जोड़े जाएंगे। रेलवे बोर्ड के सूचना प्रचार कार्यकारी निदेशक दिलीप कुमार ने नई दिल्ली में मीडिया से बातचीत में ये जानकारी दी। उन्होंने कहा कि रेलवे ने सभी महत्वपूर्ण रेलगाड़ियों में नए जनरल कोच बढ़ाने का फैसला किया है।

00000

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी आगामी रविवार को आकाशवाणी के 'मन की बात' कार्यक्रम में अपने विचार साझा करेंगे। यह इस मासिक रेडियो कार्यक्रम की 116वीं कड़ी होगी। श्रोता, इस महीने की 22 तारीख तक टोल फ्री नम्बर 1 8 0 0 – 1 1 – 7 8 0 0 पर कार्यक्रम के लिए सुझाव भेज सकते हैं।

00000